# मेवात की साइबर फ्रॉड गैंग का पर्दाफाश, 8 आरोपी गिरफ्तार

## बैंक खाता खोलने व सिम कार्ड उपलब्ध करवाने के नाम पर करते थे ठगी

जयपुर (कासं)। मेवात की साइबर फ्रॉड की कुख्यात गैंग के 8 बदमाशों को प्रताप नगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। साइबर गैंग फाइनेंशियल साइबर फ्रॉड के लिए बैंक अकाउंट व सिम कार्ड उपलब्ध करवाने का काम करती थी। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से फेक आधार कार्ड, पेन कार्ड, सील-मोहरें बरामद की है। पुलिस गैंग के सरगना की तलाश में जुटी है।

पुलिस उपायुक्त ज्ञान चंद यादव ने बताया कि गैंग के कुख्यात बदमाश रविकांत गुर्जर निवासी रैणी अलवर, कय्यूम खान निवासी लक्ष्मणगढ़ (अलवर) जितेन्द्र निवासी बांदीकुई, योगेश माल निवासी रैणी अलवर, विष्णु मीना निवासी रैणी, रूप सिंह मीना निवासी रैणी अलवर, सौरभ मीना

■ आरोपियों के कब्जे से जाली आधार और पेन कार्ड, सील-मोहरें बरामद

निवासी रैणी अलवर और विकास लक्ष्मणगढ़ को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक लेपटॉप, दो मोबाइल फोन, छह बैंक पासबुक, एक डेबिट कार्ड, छह आधार कार्ड, सात पेन कार्ड, एक जन आधार कार्ड और आठ फेक सिम कार्ड बरामद किए है। इसके अलावा योगेश माल और विष्णु मीना के नाम से भरे हुए 2 अपडेट फॉर्म, जिस पर नीचे सर्टिफायर के स्थान पर बाबू शोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय अलवर की शील मय सिग्नेचर है। इसी तरह 2 खाली फॉर्म व बाबू शोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय अलवर के नाम की रबड़ शील और स्टॉम्प पैड भी बरामद किए गए है।

दरअसल पुलिस को जानकारी मिली थी कि जगतपुरा फाटक के पास जगत विहार स्थित एक अपार्टमेंट की तीसरी मंजिल पर कुछ लड़के किराए से रहते है और फर्जी तरीके से आधार कार्ड का पता बदल कर बैंक अकाउंट खुलवाते है और उसी आधार से फर्जी सिम कार्ड लेकर साइबर ठगी करते है। सूचना पर फ्रॉड रैकेट को पकड़ने के लिए विशेष टीम का गठन कर फ्लैट पर दबिश देकर आठ बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपी कय्यूम खान अपनी गैंग के मास्टर माइंड हसमत और रोबदीन के कहने पर गैंग में काम करता था।

उसके परिचित सौरभ मीना के मिलने वाले लड़कों को खुद के किराए के फ्लैट पर बुलाता। लड़कों को पैसों का लालच देकर उनसे आधार कार्ड मंगवाकर सबसे पहले यूआईडीआईए की आधिकारी वेबसाइड पर जाकर फेक एड्रेस दर्ज कराता था। आधार कार्ड अपडेट होने पर रजिस्टर्ड मोबाइल पर मैसेज आने पर मास्टर माइंड हसमत व रोबदीन को भेज देते। जिसके बाद उसी आधार कार्ड से फर्जी सिम लेते और बैंक अकाउंट खुलवाते। सिम चालू होने के बाद साइबर ठगी की वारदात को अंजाम देते।

# ढाबे पर काम करने वाला युवक डेढ़ माह से लापता

## जयपुर जंक्शन के पास स्थित शेखावाटी ढाबे पर पिछले पांच साल से कार्यरत था महेश गुप्ता

जयपुर (कासं)। जयपुर जंक्शन पर मेट्रो पुलिया के नीचे शेखावाटी ढाबे पर काम करने वाला युवक महेश गुप्ता पिछले डेढ़ माह से लापता है, लेकिन पुलिस उसका कोई सुराग नहीं लगा पाई। अब विधायकपुरी थाना पुलिस ने गुमशुदा युवक को ढूंढने के लिए फोटो जारी किया है।



लापता युवक महेश गुप्ता

■ पीड़ित की पत्नी ने ढाबा मालिक पर शक जताते हुए विधायकपुरी थाने में मुकदमा दर्ज कराया

पुलिस ने बताया कि लापता महेश गुप्ता की पत्नी राखी गुप्ता ने विधायकपुरी थाने में एफआईआर दर्ज करवाई है, जिसमें उन्होंने ढाबा मालिक शंभुदयाल पर शक जाहिर किया है। पुलिस ढाबा मालिक व अन्य कर्मचारियों से पूछताछ कर मामले की तफ्तीश में जुटी हुई।

पीड़िता राखी गुप्ता ने एफआईआर दर्ज करवाते हुए बताया कि उसके पति महेश गुप्ता पिछले 5 सालों से शेखावाटी ढाबे पर कार्यरत हैं, लेकिन वह 28 अगस्त से लापता है। ढाबा मालिक शंभुदयाल ने 28 अगस्त को रात 11 बजे अपने फोन से महेश की बात उसकी पत्नी राखी से करवाई थी। शंभुदयाल ने राखी को बताया था कि तेरे पति का मोबाइल और उसके तीन हजार रुपये भी चोरी हो गए हैं। शंभुदयाल से जब चोरी के बारे में पूछताछ की तो उन्होंने राखी को कुछ भी जानकारी न होने की बात कही।

पीड़िता राखी गुप्ता का आरोप है कि शंभुदयाल उसके पति महेश गुप्ता को खाना खिलाकर अपने साथ गांव ले गए थे, उसके बाद से महेश का कोई सुराग नहीं लगा है। पीड़िता ने महेश की गुमशुदगी का शक ढाबा मालिक शंभुदयाल पर जाहिर किया है। विधायकपुरी थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर युवक की तलाश के लिए, हुलिया और तस्वीर जारी की है।

## घर से जेवरात लेकर दुल्हन फरार

जयपुर। कानोता इलाके में एक लुटेरी दुल्हन घर से सोने-चांदी जेवरात सहित नकदी लेकर फरार होने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है वॉट्सऐप चैट के जरिए दोस्ती कर उसने युवक को फंसाया था। शादी के दूसरे दिन भागी दुल्हन का परिवार घर का लॉक तोड़कर सामान चोरी कर ले गया। पीड़ित दूल्हे ने थाने में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने बताया कि आगरा रोड निवासी युवक ने मामला दर्ज करवाया है कि तीन साल पहले वॉट्सऐप चैट के जरिए उसकी जान-पहचान पल्लवी (22) से हुई थी। वॉट्सऐप चैट के जरिए दोस्ती होने पर दोनों की बातचीत होने लगी। 13 मई को अजमेर से जयपुर आकर लिव-इन रिलेशनशिप में किराए के मकान में रखने लगी। 17 मई को हसनपुरा स्थित एक मंदिर में दोनों ने शादी कर ली। 3 सितंबर को आर्य समाज में शादी कर दोनों साथ रहने लगे। अगले दिन सुबह 4 सितंबर को दुल्हन दूध लेने के बहाने निकली। काफी समय तक वापस नहीं लौटने पर उसकी तलाश की। लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। इसके बाद वह घर आया और अलमारी देखी तो उसमें रखे सोने-चांदी के जेवरात, 40 हजार रुपए की नकदी और 2 मोबाइल गायब मिले। शादी के दूसरे दिन ही सोने-चांदी के जेवरात सहित नकदी लूटकर दुल्हन के भागने का पता चला। शाम को लौटने पर मकान मालिक ने दुल्हन के परिवार सहित आकर सामान ले जाने की बताई। पीड़ित दूल्हे ने लुटेरी दुल्हन सहित उसके परिवार के खिलाफ मामला दर्ज कराया।

# अमावस्या पर ज्ञात-अज्ञात पितृों के श्राद्ध कर्म किए, कनागत संपन्न

## गायत्री परिवार की ओर से पांच स्थानों पर निःशुल्क श्राद्ध-तर्पण कार्यक्रम हुए

जयपुर। कनागत सर्व पितृ अमावस्या पर किए गए ज्ञात-अज्ञात पितृों के श्राद्ध कर्म के साथ शनिवार को संपन्न हो गए। घर-घर में सोलह ग्रास निकाल कर गायों को खिलाए गए। दिवंगत परिजनों की आत्मा की शांति एवं तृप्ति के लिए कई स्थानों पर सामूहिक तर्पण और हवन के कार्यक्रम भी हुए। अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से पांच स्थानों पर निःशुल्क श्राद्ध-तर्पण के कार्यक्रम हुए। इनमें करीब एक हजार लोगों ने तर्पण किया। पुरूषों के साथ बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी तर्पण किया। खास बात यह रही कि तर्पण का जल व्यर्थ में बहाने के बजाय पेड़-पौधों में अर्पित किया गया। देव दक्षिण के रूप में श्रद्धालुओं ने पेड़ लगाने और अच्छी पुस्तकें वितरित करने का संकल्प लिया। सभी जगह तर्पण के बाद हवन भी हुए। विशिष्ट मंत्रों के साथ पितरों को आहुतियां अर्पित की गई।

किरण पथ मानसरोवर स्थित श्री गायत्री वेदना निवारण केंद्र पर परिव्राजक गजेन्द्र साहू के कुशल संचालन में अमावस्या को 102 परिजनों ने श्रद्धाभाव के साथ दिवंगत आत्माओं का तर्पण किया। शांतिकुंज हरिद्वार के प्रतिनिधि आर.डी.गुप्ता ने तर्पण के आध्यात्मिक एवं वैज्ञानिक स्वरूप पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए कहा कि पितरों को श्रद्धा देने से वे शक्ति देते हैं। भोजराज पारीक के संयोजन में पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ हुआ। दिवंगत आत्माओं की प्रसन्नता एवं तृप्ति के निमित्त पंच कुण्डीय यज्ञ में आहुतियां अर्पित कर शांति की कामना की ब्रह्मपुरी स्थित गायत्री शक्ति पीठ में सह व्यवस्थापक मणिशंकर चौधरी के मार्गदर्शन में श्रद्धालुओं ने तिल, दूध, गंगाजल, पुष्प



कनागत सर्व पितृ अमावस्या पर अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से शहर में पांच स्थानों पर निःशुल्क श्राद्ध-तर्पण कार्यक्रम आयोजित किए गए।

मिले जल से तर्पण किया। पितृ तर्पण से पूर्व देव तर्पण, ऋषि तर्पण और महामानव तर्पण करवाए गए। इसके बाद सभी ज्ञात-अज्ञात पितरों के निमित्त तर्पण करवाया गया। गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी के व्यवस्थापक सोहन लाल शर्मा ने बताया कि तर्पण-पिंडदान कार्यक्रम के तुरंत बाद यज्ञ-हवन का कार्यक्रम हुआ।

सांगानेर के वाटिका स्थित गायत्री शक्तिपीठ में सर्व पितृ अमावस्या पर शनिवार को सामूहिक श्राद्ध तर्पण किया गया। शक्तिपीठ के व्यवस्थापक रणवीर सिंह चौधरी ने बताया कि श्राद्ध-तर्पण और गायत्री यज्ञ में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।


गायत्री शक्तिपीठ कालवाड और गायत्री चेतना केन्द्र मुरलीपुरा की ओर से विकासनगर-ए बाईपास के निकट राधा कृष्ण शिव मंदिर में आयोजित श्राद्ध-तर्पण और पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ में करीब डेढ सौ लोगों ने भागीदारी की। व्यासपीठ से प्रहलाद शर्मा और राजेन्द्र सैनी ने कार्यक्रम संपन्न करवाया। जनता कॉलोनी स्थित गायत्री चेतना केन्द्र में श्राद्ध तर्पण का कार्यक्रम हुआ।

## मिस्टीकल फॉरेस्ट की प्रस्तुति ने अमिट छाप छोड़ी

जयपुर। डेल्फिक काउंसिल ऑफ़ राजस्थान और उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पटियाला के संयुक्त तत्वाधान में, जवाहर कला केंद्र के रंगायन सभागार में नृत्य नाटिका मिस्टिकल फॉरेस्ट की प्रभावी प्रस्तुति की गई। यह मयूरभंज छाऊ और समकालीन नृत्य विधा पर आधारित एक ऐसी नृत्य नाटिका है जिसमें प्राकृतिक परिवेश में रहने वाले लोगों की उस पीड़ा को कलात्मक ढ ंग से दर्शाया गया जो बाहरी हस्तक्षेप के कारण होती है। आधुनिकता की होड ने जिस प्रकार हमें, हमारी नैसर्गिक शांति से दूर किया है ये प्रस्तुति ने उस की ओर इशारा किया। इस प्रस्तुति में जंगल में रहने वाले लोग प्राकृतिक परिवेश के प्रतीक हैं जिन्हें बाहरी दुनिया खत्म करना चाहती है। इस नृत्य नाटिका की खूबसूरती इस बात में भी थी कि इस समस्या की ओर मात्र इशारा किया गया, निष्कर्ष दर्शकों पर छोड दिया गया। छाऊ नृत्य में प्रयोग होने वाले विभिन्न मास्क और प्रभावी लाइटिंग ने दर्शकों के ज़ेहन पर जबरदस्त छाप छोड़ी। कलाकारों के अद्भुत नृत्य और अभिनय ने दर्शकों को बांधे रखा साध्या संस्था, नई दिल्ली की इस प्रस्तुति का निर्देशन प्रसिद्ध कोरियोग्राफर संतोष नायर द्वारा किया गया था।

## सार-समाचार

### आर्टिस्ट अमित कल्ला का चयन



जयपुर, (कासं)। देश के अमूर्त चित्रकार और कवि अमित कल्ला चीन के अनहुई प्रांत में आयोजित होने वाले छठे ताओ हुआ तान, अंतर्राष्ट्रीय आर्टिस्ट एक्सचेंज रेजीडेंसी प्रोग्राम के लिए चयनित हुए। निकट भविष्य में बनने वाले वर्ल्ड आर्ट म्यूजियम के कला संग्रहण के तहत विश्व प्रसिद्ध क्यूरेटर गॉर्डन नोवाक और लियू जियान द्वारा इस रेजिडेन्सी के प्रतिभागियों का चयन किया गया है, जिनके मार्गदर्शन में दृश्य कलाओं से जुड़े विभिन्न अकादमिक और रचनात्मक कार्यक्रम कार्यक्रम सम्पन्न होंगे। द पीच ब्लॉसम पूल आर्ट सेंटर के स्टूडियो में रहकर अमित अपनी बहुरंगी शैली में एक नई चित्र सीरीज भी तैयार करेंगे, जिसे वहां होने वाली सामूहिक प्रदर्शनी में दर्शाया जाएगा, इसके साथ ही अपनी काव्य-चित्र यात्रा और भारतीय कला दृष्टि के विभिन्न दार्शनिक व सौंदर्यात्मक पहलुओं पर व्याख्यान भी देंगें। इस आयोजन में दुनिया के अलग-अलग देशों से चुनिंदा कलाकारों को आमंत्रित किया गया है, जो रेजीडेंसी में साथ रहकर अपनी-अपनी कला परंपरा, शैली, तकनीक और उसकी संधानात्मक प्रक्रिया को एक दूसरे से साझा करेंगे। इससे पहले अंतर्राष्ट्रीय पटल पर कल्ला अमेरिका, साउथ कोरिया, इटली, ऑस्ट्रेलिया, दुबई, सिंगापुर, टर्की, लातविया, एस्टोनिया, फ़िनलैंड और बांग्लादेश जैसे देशों में भी अपनी कला प्रदर्शित कर चुके हैं तथा पूर्वी यूरोप के मार्क रॉथकों आर्ट सेंटर में आर्टिस्ट इन रेसीडेंट अवॉर्ड से सम्मानित किए जा चुके हैं।

### चिकित्सा शिविर में 600 लोग लाभान्वित




जयपुर,(कासं)। मानव सेवा ट्रस्ट राजस्थान द्वारा जवाहर नगर स्थित सत्य साईं पीजी महिला महाविद्यालय तथा ईश्वरम्मा शिक्षक प्रशिक्षण महिला महाविद्यालय में निःशुल्क नेत्र जाँच, कैंसर जाँच एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 600 से अधिक लोग लाभान्वित हुए। शिविर में विद्यार्थियों के साथ उनके अभिभावकों एवं कच्ची बस्तियों में रहने वाले जरूरतमंद लोगों को लाभ मिला जिसमें नेत्र जाँच, कैंसर जाँच, बी.पी., शुगर, ब्लड ग्रुप जांच आदि निःशुल्क की गई। शिविर में जे. एन. यू. हॉस्पिटल की टीम ने सेवाएँ दी। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि सरोज खेमका, कौशल सत्यार्थी, डॉ प्रतिभा पाराशर एवं डॉ. कमलेश शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया। ईश्वरम्मा शिक्षक प्रशिक्षण महिला महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ प्रतिभा पाराशर ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ प्रदान कर स्वागत किया।

### योग्य व्यक्तियों को टिकट की हिमायत

जयपुर। राजस्थान विधानसभा चुनाव में आबादी के अनुसार टिकट दिए जाने की मांग को लेकर कुरैशी समाज ने कांग्रेस से समाज के योग्य लोगों को टिकट देने की मांग की है। इस संबंध में पार्टी के आला नेताओं को पत्र भी लिखा है। अल कुरैश फाउंडेशन (रजि.) के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अब्दुल हमीद कुरैशी उर्फ भैया भाई ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, सह प्रभारी काजी निजामुद्दीन, वीरेंद्र सिंह राठौड, अमृता धवन को पत्र लिखकर समाज को टिकट दिए जाने की मांग की है। कुरैशी ने आज यहां एक बयान जारी कर कहा कि यदि टिकट वितरण में योग्य व्यक्तियों की अनदेखी की गई तो उसे वर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि योग्य को टिकट मिलने पर समाज का हित करने वाली पार्टी के पक्ष में मतदान करवाकर वोट की शक्ति का अहसास कराएगा।

### शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

जयपुर। सदर थाना क्षेत्र में शादी का झांसा देकर एक युवती से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस ने बताया कि इलाके निवासी युवती ने मामला दर्ज करवाया है कि दानिश परिचित है, जिसने शादी का झांसा दिया था। आरोप है साल 2017 से दानिश पीड़िता का देहशोषण करता आ रहा है और अब शादी करने से इंकार कर दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। इसी तरह बगरू थाना क्षेत्र में शादी करने का झांसा देकर एक युवती से देह शोषण करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि इलाके निवासी 33 वर्षीय युवती ने मामला दर्ज करवाया है कि सेठिया लोहार ने उसे शादी का झांसा दिया और 2 अक्टूबर को इलाके स्थित ओमेक्स सिटी ले जाकर दुष्कर्म किया। इसके बाद देहशोषण कर रहा है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

### परीक्षा में डमी कैंडिडेट बैठाने का मामला

जयपुर। सांगानेर थाने में राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षा में फर्जी परीक्षार्थी बैठाने का मामला दर्ज हुआ है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस ने बताया राजेश डाबी (परीक्षा नियंत्रक) राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने थाने में शिकायत दी है कि बोर्ड द्वारा दुर्गापुरा में परीक्षा आयोजित की गई थी, जिसमें परीक्षार्थी विमला, कमला, सुरेश सहित ने अपनी जगह डमी कैंडिडेट को परीक्षा में बिठाया है।

# 'सहकारी बैंकों को भी वाणिज्यिक के समकक्ष लाने का प्रयास जरूरी'

जयपुर। सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव श्रेया गुहा ने बताया कि विनियामक मापदण्डों की गंभीरता से पालना करते हुए सहकारी बैंकों को भी वाणिज्यिक बैंकों के समकक्ष लाने के प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारियों के व्यवहार में व्यवसायिक दृष्टिकोण एवं ग्राहकों के प्रति अच्छा अपेक्षित है,ताकि बैंक की साख में उत्तरोत्तर वृद्धि हो सकें। गुहा शनिवार को दी राजस्थान स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के 71वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही थी।

इस अवसर पर उन्होंने बैंक के लगातार मुनाफ़े की स्थिति में रहने एवं सुदृढ वित्तीय मापदण्डों के लिए बैंक कार्मिकों को बधाई देते हुए कहा कि सहकारी बैंक एवं सभी केन्द्रीय सहकारी बैंकों के कर्मचारियों के संस्था से जुड़ाव की आवश्यकता है।

इस अवसर पर रजिस्ट्रार सहकारी समिति मेघराज सिंह रत्नू ने कहा कि देश की 70 प्रतिशत आबादी का ग्रामीण होने एवं उनका कृषि पर निर्भर होने से किसानों की साख व्यवस्था महत्वपूर्ण होती है तथा इसी के दृष्टिगत ही सहकारी बैंकों का गठन किया गया है। साथ ही उन्होंने बैंक की उत्तरोत्तर प्रगति के लिए बधाई दी एवं इजराइल देश का उदाहरण देते हुए प्रत्येक बैंककर्मी का बैंक से जुड़ाव होने का भी आह्वान किया।

इससे पहले, बैंक के प्रबन्ध निदेशक भोमाराम ने स्वागत उद्बोधन में बैंक की स्थापना, बैंकिंग लाइसेंस प्राप्त करने तथा भारत सरकार, एनसीयूआई, नैफ्सकॉब तथा नाबार्ड द्वारा बैंक को दिए गए विभिन्न पुरस्कारों के सम्बन्ध में जानकारी दी। इस दौरान नाबार्ड के उपमहाप्रबन्धक आशुतोष सरदाना ने भी संबोधित किया। बैंक अधिकारियों व कर्मचारियों के प्रतिनिधि के रूप में सूरजभान सिंह आमेरा ने सहकारिता प्रबन्धन, नाबार्ड एवं भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा बैंक को प्रदान किये गये निरन्तर मार्गदर्शन के लिए आभार प्रकट किया। अन्त में बैंक के महाप्रबन्धक राजेन्द्र कुमार मीना नेसमारोह मे उपस्थित सभी मंचासीन अधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैंक कार्मिकों के योगदान के लिए आभार व्यक्त किया गया।

# भांकरोटा में प्लास्टिक के गोदाम में आग से लाखों रु. का नुकसान

जयपुर (कासं)। भांकरोटा थाना इलाके में शनिवार सुबह पांच बजे आशीर्वाद पाइप प्लास्टिक फैक्ट्री के गोदाम में आग लग गई। जिसके बाद फैक्ट्री में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना पर मौके पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने 5 से 7 घंटे में आग पर काबू पाया। दमकल की गाडियों ने आसपास के पांच से ज्यादा फायर स्टेशनों से 10 गाड़ियां भेजी। उसके अलावा निजी स्तर पर दो टैंकर से भी आग काबू की गई। आग से आकाश में काले धुएं का गुबार छा गया। इस कारण लोगों को सांस लेने में भी तकलीफ हुई। आग को काबू करने में भी काफी मशक्कत करनी पड़ी। गनीमत यह रही कि आग से किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। फैक्ट्री गोदाम में प्लास्टिक के नल, पाइप और अन्य सामान रखे जाते थे। यह गोदाम तीन हजार गज से भी ज्यादा एरिया में फैला है। पुलिस का कहना है कि शॉर्ट सर्किट से लगी आग से प्लास्टिक पाइप गोदाम में लाखों रुपए का माल जलकर राख हो गया।

पुलिस ने बताया कि भांकरोटा इलाके में आशीर्वाद पाइप प्लास्टिक फैक्ट्री के गोदाम में आग लगी थी। आग लगने की सूचना के बाद दमकल विभाग और पुलिस विभाग हरकत में आया। जिस समय आग लगने की सूचना दी गई थी उस समय आग गोदाम के एक छोटे हिस्से में लगी थी, लेकिन प्लास्टिक का सामान होने के कारण आग तेजी से फैलती चली गई। देखते ही देखते आग ने पूरे गोदाम को चपेट में ले लिया। गनीमत रही कि आग से किसी तरह की जन हानि नहीं हुई हैगनीमत रही कि बाहर तक आग नहीं फैली, लेकिन अंदर के पूरे माल को नुकसान पहुंचा है। आग में करोड़ों रुपयों का माल जलकर नष्ट हो गया। आग से पूरी फैक्ट्री की दीवारों व छतो को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। जिससे पाइप फैक्ट्री की छत व दीवारों में दरारें आ गई। फैक्ट्री में आग लगने के बाद प्लास्टिक का धुआं इतना ज्यादा था कि आसमान में भी काली घटाओं जैसा नजारा जमा हो गया। अचानक ऑक्सीजन की मात्रा कम होने से एक दमकलकर्मी बेहोश हो गया, जिसे हॉस्पिटल पहुंचाया।

# मालवीय नगर में श्री नवदुर्गा सप्तशती नवचंडी महायज्ञ आज

जयपुर (कासं)। मालवीय नगर के सेक्टर-12 स्थित श्री मालेश्वर महादेव मंदिर में रविवार प्रातः 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक श्री नवदुर्गा सप्तशती नवचंडी महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। आचार्य डॉ. लवभूषण ने बताया कि महायज्ञ के लिए 9 हवन यज्ञ कुंड बनाए गए हैं। इसमें 11 विद्वान पंडित पूजन, हवन व नवचंडी का पाठ करेंगे। सुबह 9 बजे पूजन के पश्चात श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी का भी आयोजन होगा। सांय करीब पांच बजे यज्ञ की पूर्णाहुति के उपरांत प्रसाद वितरित किया जाएगा।

इस महायज्ञ की महत्ता के बारे में जानकारी देते हुए आचार्य डॉ. लवभूषण ने बताया कि इस दिन 15 तारीख यानी 15 अर्थात 6 है, छह लक्ष्मीजी का दिन होता है, इसी दिन प्रथम नवरात्रा भी है। लक्ष्मीजी को प्रसन्न करने के लिए नवकुंडी नवचंडी महायज्ञ किया जा रहा है। इस महायज्ञ को श्री दुर्गा सप्तशती के 13 अध्याय एवं 700 श्लोकों के माध्यम से किया जाता है। इस महायज्ञ को सफल करने के लिए पूजन में एक



मालवीय नगर सेक्टर-12 स्थित श्री मालेश्वर महादेव मंदिर में होने वाले महायज्ञ के लिए शनिवार को हवन वेदी तैयार की गई।

विशेष सामग्री का भी उपयोग किया जाएगा। नौ हवन कुंडों के माध्यम से होने वाले इस महायज्ञ में करीब सात घंटे लगेंगे। डॉ. आचार्य लवभूषण ने बताया कि पिछले छह वर्ष से इस महायज्ञ को लगातार कर रहा हूं। इस महायज्ञ को गणेश, भगवान शिव, नवग्रह और नवदुर्गा को समर्पित करने से मनुष्य जीवन धन्य होता है। इसमें देश-विदेश से श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं, अब तक करीब 10 हजार रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं।

# घट स्थापना के साथ आज शुरू होंगे शारदीय नवरात्र

## आमेर शिलामाता मंदिर में दोपहर 11:55 होगी घट स्थापना, इसके एक घंटे बाद श्रद्धालु कर सकेंगे दर्शन

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। आश्विन शुक्ल प्रतिपदा 15 अक्टूबर को हर्ष, शंख, भद्र, पर्वत, शुभकर्तरी, उभयचरी, सुमुख, गजकेसरी और पद्म नाम योग में शारदीय नवरात्र शुरू होंगे। सुबह घट स्थापना और ज्वारे रोपण कर पूजा की चौकी पर माताराणी को विराजमान कर लाल रंग की चुनरी ओढ़ाई जाएगी। षोडशोपचार पूजन के बाद ज्योत जलाकर आरती की जाएगी।

ज्योतिषाचार्य पंडित महेन्द्र जोशी ने बताया कि सूर्योदय के बाद से ही घट स्थापना के शुभ मुहूर्त है। अभिजीत काल में भी घट स्थापना कर सकते हैं। इस बार एक भी तिथि का क्षय नहीं होने के कारण श्रद्धालु पूरे नौ दिन श्रद्धालु मां भगवती और प्रभु श्रीराम की साधना में लीन रहेंगे।

आमेर स्थित शिलामाता मंदिर में अभिजीत मुहूर्त में रविवार दोपहर 11:55 बजे घट स्थापना होगी। एक घंटे बाद दोपहर 12:55 बजे से श्रद्धालु माताराणी के दर्शन कर सकेंगे। पुजारी बनवारी शर्मा ने बताया कि महिला-पुरुष श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग लाइन बनाई गई है। श्रद्धालु 16 अक्टूबर से प्रतिदिन सुबह 6 से दोपहर 12:30 और शाम 4 से 8:30 बजे तक शिला माता के दर्शन कर सकेंगे। आमेर के ही मनसा माता मंदिर में भी अभिजीत मुहूर्त में घट स्थापना होगी।

ठिकाना मंदिर गोविंद देवजी के अधीनस्थ कनक घाटी स्थित मनसा माता मंदिर में घट स्थापना सुबह 9:15 से 11:15 बजे तक होगी। घट स्थापना के बाद कल्पारंभ विहित पूजा, व्रत आरंभ, चंडी पाठ, श्रृंगार, भोग, आरती और पुष्पांजलि के कार्यक्रम होंगे। गोविंद देवजी मंदिर के प्रबंधक मानस गोस्वामी ने बताया कि दर्शन समय सुबह साढ़े 5 से साढ़े 6, साढ़े आठ से पौने बारह बजे तक तथा शाम को साढ़े 5 से रात्रि साढ़े 8 बजे तक होंगे। पंचवटी सर्किल राजापार्क स्थित वैष्णो देवी मंदिर में सुबह छह बजे घट स्थापना की जाएगी।

माताराणी का लाल रंग की चूनरी धारण कराई जाएगी। दुर्गापुरा के दुर्गा माता, पुरानी बस्ती के रूद्र घंटेश्वरी, घाटगेट श्मशान स्थित काली माता मंदिर, झालाना पहाड़ी स्थित कालक्या मंदिर, ब्रह्मपुरी स्थित काली माता मंदिर, आमागढ़ स्थित अंबा माता, दिल्ली रोड स्थित राजराजेश्वरी मंदिर में भी घट स्थापना के बाद नौ दिन विशेष आराधना होगी।